>

Title: Regarding need to upgrade Balaghat Zila Hospital in Madhya Pradesh as a Medical College - Laid

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): मध्य प्रदेश प्रांत अंतर्गत बालाघाट नक्सल प्रभावित जिला है । इस जिले में कॉपर एवं मैगनीज की माइन्स हैं । इस कारण यहां सीआरपीएफ की काफी पुलिस रहती है एवं माइन्स होने से अनेक बार मुठभेड़ तथा कार्य के दौरान अनेक लोग घायल होते हैं । साथ ही क्षेत्रीय जनता को भी अपनी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 200 किलोमीटर दूर नागपुर या जबलपुर मेडिकल कॉलेज जाना पड़ता है, जिससे अनेक बार बीच रास्ते में ही मरीज काल-कलवित हो जाता है । इस जिले में शासकीय स्पेशलिटी एवं ट्रामा सेंटर में प्रशिक्षित डाक्टर्स की कमी है । अतः बालाघाट जिला अस्पताल को शासन की नीति अनुसार मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित करने का कष्ट करें । बालाघाट की सीमा महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ से लगती है । यह प्रदेश के अंतिम छोर का जिला है ।